हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 अगस्त 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 स्कूल के बच्चों के साथ-साथ नागरिक और जनप्रतिनिधियों में दिखा...



07 स्वतंत्रता दिवस आज, जिलेभर में शान से लहराएगा...



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ध्वजारोहण करेंगी एवं बधाई संदेश का वाचन करेंगी। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जारी पल-प्रतिपल कार्यक्रम अनुसार प्रातः 08:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 09 बजे राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन होगा। 09:04 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा, सलामी ली जाएगी तथा राष्ट्रगान की धुन होगी। प्रातः 9:06 बजे मुख्य अतिथि द्वारा आसमान में गुब्बारे छोड़े जाएंगे। प्रातः 9:07 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। 9:12 बजे हॉर्स फायर और 9:17 बजे मार्च पास्ट होगा। : 09:30 बजे मुख्यमंत्री के संदेश वाचन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा बधाई संदेश वाचन किया जाएगा। प्रातः 10:10 बजे स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवसः आजादी के आंदोलन में सीहोर (सिद्धपुर) का भी रहा है महत्वपूर्ण योगदान

सिपाही बहादुर सरकार का मतलब था हिंदू-मुस्लिम एकता की सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ये तो सब जानते हैं कि देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के लिए सन 1857 में स्वतंत्रता संग्राम का आगाज हो गया था। इसकी बानगी भोपाल रियासत के महत्वपूर्ण जिला मुख्यालय सीहोर में भी देखने को मिली थी। इसके अलावा सन 1824 में भी यहां एक बड़ी लड़ाई दशहरा वाले बाग में नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह और उनके साथियों ने लड़ी थी। जिसमें करीब 45 देशभक्त शहीद हुए थे। इनमें कुंवर चैन सिंह के विश्वस्त साथी हिम्मत खां और बहादुर खां के नाम प्रमुख हैं। इन दोनों देशभक्त शहीदों की कब्र भी कुंवर चैन सिंह की छत्री के ठीक सामने बनी हुई हैं। जैसे वे आज भी अपने राजकुंवर की हिफाजत में मुस्तैद हों।

अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ सीहोर में ही महावीर कोठ और वली शाह के नेतृत्व में सिपाही बहादुर सरकार की स्थापना की गई थी। ये दोनों भोपाल रियासत की उस फौज के सिपाही थे जो पॉलिटिकल एजेंट के नियंत्रण वाली रेजीमेंट में पदस्थ थे। इसमें एक हजार सैनिक शामिल थे जिन्हें भोपाल रियासत की ओर से तनख्वाह दी जाती थी। यह फौज सीहोर के पलटन एरिया, इंग्लिशपुरा और कस्बा के सिपाही पुरा मोहल्ला में रहती थी। फौज में हिंदू और मुसलमान एक साथ रहते थे और उनमें अंग्रेजों के साथ साथ भोपाल नवाब के खिलाफ नफ़रत फैल गई थी। इसकी वजह यह थी कि भोपाल नवाब अंग्रेज परस्त थी और एक अफ़वाह फैल गई थी कि जो कारतूस सैनिकों को दिए जा रहे थे उनमें गाय और सुअर की हड्डियों का चूरा व चर्बी मिलाई जा रही थी। जिससे हिंदू और मुसलमान सैनिकों का धर्म भ्रष्ट हो रहा था। साथ ही एक अफवाह यह भी फैली हुई थी कि भोपाल नवाब ने ईसाई धर्म कुबूल कर लिया है।

केसरिया और हरे रंग के थे झंडे

सिपाही बहादुर सरकार के दो झंडे थे। इनमें से एक का नाम निशाने महावीरी (भगवा रंग) और दूसरे झंडे का नाम निशाने मोहम्मदी (हरा रंग) था। यह पहली स्वतंत्र सरकार थी जो अंग्रेज पॉलिटिकल एजेंट की नाक के ठीक नीचे डंके की चोट पर स्थापित की गई थी। 8 अगस्त 1857 को इस सरकार का प्रशासन चलाने के लिए महावीरी काउंसिल की स्थापना की गई थी जिसका मुखिया महावीर कोठ को बनाया गया था। इसी समय इस सरकार की दो अदालतें भी गठित की गई जिनके मुखिया वली शाह और महावीर कोठ थे। बागियों को प्रशिक्षित करने के लिए वली शाह ने प्रति दिन हाथ से लिखे बुलेटिन भी जारी किए जो एक तरह के अखबार ही माने जा सकते हैं। जिन्हें फौजी आपस में ग्रुप बनाकर पढ़ते थे। इस बगावत को रोकने के लिये कई प्रयास किए गए जो सफल नहीं हुए। आखिरकार 1 सितंबर 1857 को बेगम भोपाल के आदेश पर सीहोर के 137 बागियों को फ़ौज की नौकरी से निकाल दिया गया और भोपाल रियासत की सीमा से बाहर चले जाने का फरमान सुनाया गया। शुजाअत खां और उनके बेटे को सीहोर में दी गई थी फांसी आजादी के आंदोलन के एक महत्वपूर्ण किरदार शुजाअत खां और उनके पुत्र सरफराज खां को सीहोर में ही फांसी की सजा दी गई। दरअसल बैरसिया में भी विद्रोह अपने चरम पर था। इस दौरान 26 सितंबर 1857 में भोपाल की फौज ने सूबेदार भवानी सिंह की कमान में बैरसिया पर हमला किया। जिसमें शुजाअत खां हार गए। इसके बाद वह भागकर कुरावर आ गए। 29 अक्टूबर 1857 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 25 नवंबर को अहमदपुर के रास्ते से कड़े फौजी पहरे में सीहोर लाया गया। यहां उन्हें और उनके पुत्र सरफ़राज़ खां को जेल में बंद कर दिया गया। 4 जनवरी 1858 का सूरज उनकी मौत का पैगाम लेकर आया। दोनों पिता पुत्र को सूर्योदय से पहले जेल से निकाला गया और कड़े पहरे में ईदगाह के करीब ले जाया गया। इसी स्थान पर एक महुआ के पेड़ के नीचे दोनों देशभक्त पिता पुत्र को फ़ांसी पर लटका दिया गया। फिर इन दोनों को सफाई करने वालों की मदद से शायद पहले से तैयार की गई कब्र में एक साथ दफ़ना दिया गया। भोपाल कॉन्टिनजेन्ट के बागी सिपाही कई दिनों से सीहोर जेल में कैद थे। जिन्हें सजा-ए-मौत का फैसला दिया जा चुका था। 8 जनवरी 1858 को जब जनरल रोज अपनी फौज के साथ सीहोर आया तो उसने तुरंत बागियों को मौत की सजा देने का फैसला सुना दिया। परिणाम स्वरूप 14 जनवरी 1858 को सीवन नदी के किनारे एक मैदान में 356 बागियों को छोटी छोटी टुकड़ियों में खड़ा कर दिया गया और गोलियों से भून डाला गया। उस दिन देशभक्त शहीदों का इतना खून बहा की सीवन का पानी भी लाल हो गया और पवित्र नदी शोक में अपना सिर धुनती रही। इस घटना का जिक्र किताब हयाते सिकंदरी, भोपाल स्टेट गजेटियर 1907, 1857-58 के गदर में मध्य भारत के हालात और देहली गजट 15 जनवरी 1858 में किया गया है। बाद के समय में महावीर कोठ, वली शाह, फाजिल मोहम्मद आदि को भी गिरफ्तार कर लिया गया और फांसी दे दी गई। इस प्रकार 6 अगस्त 1857 को सीहोर में स्थापित की गई सिपाही बहादुर सरकार 31 जनवरी 1858 में उस समय समाप्त हो गई जब फाजिल मोहम्मद खां को राहतगढ़ किले के दरवाजे पर फ़ांसी देकर लटका दिया गया। इस लेख में अधिकतर संदर्भ स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन की किताब सिपाही बहादुर से साभार लिया गया है।







आंदोलन में वीरांगनाओं का भी योगदान

हमारा देश तो 15 अगस्त1 947 को आजाद हो गया था लेकिन अब भी भोपाल रियासत का विलय नहीं हुआ था। इसके लिए भी सीहोर की सरजमीं से जो आंदोलन चलाया गया था उसमें हमारी इन महान वीरांगनाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इनमें कस्बा निवासी श्रीमती रुक्मणी देवी व्यास, श्रीमती धनेश्वरी देवी चतुर्वेदी और श्रीमती गिरजा बाई व्यास (गढ़ीपुरा हरदा) के नाम उल्लेखनीय हैं। ये सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहीं है और विलीनीकरण आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। श्रीमती चतुर्वेदी और श्रीमती रुक्मणी देवी ने तो पुरानी निजामत की बिल्डिंग पर 13 जनवरी 1949 में तिरंगा झंडा भी फहराया था। इन दोनों को 20-20 दिन तक नजरबंद भी किया गया था।

भैरूंदा में निकाली तिरंगा वाहन रैली, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

वाहनों के साथ निकला कारवां, देशभक्ति गीत और भारत माता की जय के लगे नारे

वाहनों के लंबे काफिले और हाथों में लहराते तिरंगों ने नगर के माहौल को पूरी तरह देशभक्तिमय बना दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरा देश राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार को भैरूंदा नगर में यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भव्य तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों चार पहिया वाहन तिरंगे से सजे नजर आए। वाहनों के लंबे काफिले और हाथों में लहराते तिरंगों ने नगर के माहौल को पूरी तरह देशभक्तिमय बना दिया। रैली का शुभारंभ सुबह करीब 10 बजे भोपाल रोड स्थित गायत्री विहार कॉलोनी से हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कंपनी के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग तिरंगा लेकर वाहनों के साथ रैली में शामिल हुए। तिरंगे से सजा विशेष ट्रैक्टर भी रैली का प्रमुख आकर्षण रहा। ट्रैक्टर और अन्य वाहनों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था।

डीजे पर गूंजे देशभक्ति गीत

तिरंगा वाहन रैली के दौरान डीजे पर देशभक्ति गीतों की धुन गूंजती रही। रैली में शामिल लोग उत्साह के साथ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे। सड़कों से गुजरते वाहनों पर लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने नगरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। जगह-जगह नागरिकों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगा वाहन रैली गायत्री विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर ब्रह्मदेव की पुलिया, बस स्टैंड, दुर्गा मंदिर चौराहा, सीहोर नाका और रामाधीश पैलेस होते हुए शास्त्री कॉलोनी पहुंची। रैली के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों की मौजूदगी के बावजूद प्रतिभागियों ने अनुशासन का परिचय दिया। वाहनों को एक कतार में व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित नहीं हुई।



जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत

तिरंगा रैली के मार्ग में कई स्थानों पर नगरवासियों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली में शामिल लोगों का उत्साह बढ़ाया और तिरंगे के सम्मान में जयघोष किए। रैली के दौरान सड़क किनारे खड़े लोगों में भी देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

राष्ट्र के प्रति सम्मान और एकता का संदेश

कंपनी द्वारा आयोजित यह तिरंगा वाहन रैली महज एक आयोजन नहीं रही, बल्कि इसके माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देश के प्रति सम्मान का संदेश भी दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस पहल ने युवाओं और नगरवासियों में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करने का काम किया। रैली में मल्लिकार्जुन राव, डायरेक्टर विनोद गोदावरी, मोहन राव, दिनेश कुशवाहा, राहुल रघुवंशी, अकाउंटेंट छत्रपाल सिंह, प्रिया स्वामी, नंदकिशोर बाबूजी, अरविंद भदौरिया, अलम जी, अमित कुशवाह एवं राहुल कुशवाह कंपनी के पदाधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

युवा नेता सुदीप का ऐतिहासिक संकल्पः 15 अगस्त को जन्मी हर बेटी को देंगे 'उड़ान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आमतौर पर लोग अपने जन्मदिन पर भव्य आयोजनों, पार्टी और आतिशबाजी में लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। लेकिन सीहोर शहर के युवा नेता और नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति इस बार अपना जन्मदिन बेहद अनूठे और प्रेरणादायी अंदाज में मनाने जा रहे हैं। देश की आजादी की वर्षगांठ (15 अगस्त) और अपने जन्मदिन के पावन अवसर पर सुदीप ने जनसेवा और बेटी उत्थान का ऐसा संकल्प लिया है, जिसकी पूरे शहर में सराहना हो रही है। युवा नेता सुदीप प्रजापति ने ऐतिहासिक ऐलान करते हुए कहा है कि 15 अगस्त के शुभ अवसर पर सीहोर शहर में जन्म लेने वाली हर नवजात बेटी की कक्षा 12वीं तक की पूरी शिक्षा का खर्च वे स्वयं उठाएंगे। शहर में 15 अगस्त को चाहे एक बेटी जन्म ले या अनेक, किसी भी संख्या की सीमा के बिना सुदीप हर बेटी की पढ़ाई की पूरी जिम्मेदारी संभालेंगे। सुदीप ने बताया हमारी भाजपा सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना से प्रेरणा लेकर मैंने यह संकल्प लिया है। मेरी कोशिश है कि सीहोर शहर में पैसों की तंगी या आर्थिक मजबूरी के कारण किसी भी बेटी की पढ़ाई न छूटे और कोई बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। बेटियों की शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है।

बारिश में उजड़े गरीब परिवार को मिलेगा पक्का आशियाना

बेटियों की शिक्षा के साथ-साथ सुदीप प्रजापति ने एक और संवेदनशील पहल की है। हाल ही में भारी बारिश के कारण शहर की देवनगर कॉलोनी में रहने वाले एक अत्यंत गरीब परिवार का कच्चा घर ढह गया था। जब सुदीप को इस आपदा की जानकारी मिली तो वे खुद मौके पर पहुंचे और परिवार की दयनीय हालत देखकर काफी दुखी हुए। उस परिवार के आंसुओं को पोछते हुए सुदीप ने संकल्प लिया कि वे अपने निजी खर्च से उस गरीब परिवार को पक्का मकान बनवाकर देंगे, ताकि वे फिर से एक सुरक्षित छत के नीचे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

सेवा करके जो खुशी मिलती है

अपने जन्मदिन और स्वतंत्रता दिवस के इस दोहरे उत्सव पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए सुदीप प्रजापति ने कहा दूसरों के काम आकर और किसी गरीब की सेवा करके जो आत्मिक संतोष और खुशी मिलती है, वह किसी भी महंगे जश्न से नहीं मिल सकती। इस बार जन्मदिन पर मुझे दो परिवारों और बेटियों की जिंदगी संवारने का संकल्प लेने का सौभाग्य मिला है।

आज से होगी औपचारिक शुरुआत

सुदीप प्रजापति ने जानकारी दी कि जन्मदिन व राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त को एक विशेष कार्यक्रम के तहत देवनगर के गरीब परिवार के लिए पक्के मकान के निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी और साथ ही 15 अगस्त को जन्मी बेटियों के लिए शिक्षा सहायता योजना का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकाली

सीहोर। जन अभियान परिषद विकासखंड द्वारा ग्राम बमुलिया दोराहा में नवांकुर सखी–हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवांकुर सखियों को पौधे एवं अंकुरित पौधे वितरित किए गए। नवांकुर सखियों ने पौधों को परिवार के सदस्य की तरह पोषित करने, सुरक्षित स्थान पर रोपित करने तथा पेड़ बनने तक नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर सखियों ने कलश यात्रा निकाली। इसके साथ ही पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कुबेरेश्वरधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक

सावन के तीसरे सोमवार बाबा का होगा विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन मास में जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर इन दिनों आस्था और भक्ति का महासागर उमड़ रहा है। हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से गूंज रहा है। सावन के तीसरे सोमवार को बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसी दिन शाम को शहर के सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक भव्य कांवड़ यात्रा भी निकाली जाएगी।

आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। कांवड़ यात्रा और सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन एवं समिति ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं के प्रवेश, निकासी, दर्शन और जलाभिषेक की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्ग, श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात, पार्किंग, जलाभिषेक और दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया गया। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि धाम पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक अनेक स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए जाएंगे। इन पंडालों पर श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, चाय, नाश्ता और फलहारी खिचड़ी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि सावन के तीसरे सोमवार को होने वाली कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति के सेवाभावी कार्यकर्ता प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगातार व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। सावन के तीसरे सोमवार को बाबा के विशेष श्रृंगार और कांवड़ यात्रा के चलते कुबेरेश्वरधाम सहित सीवन नदी का तट शिवभक्ति से सराबोर नजर आएगा। श्रद्धालु सीवन नदी से जल लेकर कांवड़ के साथ कुबेरेश्वरधाम पहुंचेंगे और भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपनी आस्था अर्पित करेंगे। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय होने की संभावना है।



विद्यालय में विभाजन की विभीषिका पर आयोजित हुई जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में विभाजन की विभीषिका पर गरिमामय कार्यशाला आयोजित की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश महंत तहसीलदार सीहोर विशेष अतिथि रूपश्री नागेश प्रभारी विकासखंड शिक्षाअधिकारी एवं संस्था प्राचार्य सुनीता जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

संगीत समूह द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति के पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरुषेंद्र शर्मा नेअपने संबोधन में अखंड भारत के विभाजन की परिस्थितियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। तत्पश्चात डॉक्टर राजेंद्र देशमुख नेअपने उद्बोधन में विभाजन के दंश के दर्द को विद्यार्थियों के समक्ष रखकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को डॉक्टर देवेंद्र साहू ने संबोधित किया उन्होंने विभाजन की विभीषिका को रेखांकित किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र राय ने अपने उद्बोधन में विभाजन की विभीषिका से सीख लेकर भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम को सृष्टि जायसवाल एवं जाहिदा खान में भी संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महंत ने सभी वक्ताओं को सराहा एवं विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्रीमती जैन ने विभाजन में प्राण गंवाने वाले सभी नागरिकों के प्रति संवेदना व्यक्त की एवं विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधिअंकुर शर्मा द्वारा एवं आभार स्वतंत्र पाठक द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवक एनसीसी के कैडेट एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

सीहोर। सीहोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ध्वजारोहण करेंगी। इसके पश्चात वे समारोह में आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण कर परेड की सलामी लेंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह को गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को व्यक्त किया जाएगा।

ग्राम सोंडा में जन विश्वास शिविर आयोजित

सीहोर। शासन-प्रशासन को नागरिकों के द्वार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और शासन-प्रशासन में जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सीहोर जनपद के ग्राम सोंडा में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनपद सीईओ नमिता बघेल और अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधि, अधिकारी व नागरिक उपस्थित थे।

नगर परिषद कोठरी में निकाली तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा नगर

स्कूल के बच्चों के साथ-साथ नागरिक और जनप्रतिनिधियों में दिखा उत्साह

नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई तिरंगा यात्रा, जमकर लगाए नारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर परिषद कोठरी की अध्यक्षा नगीना राधेश्याम दलपति एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा के नेतृत्व में नगर में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय, मंडल अध्यक्ष देव सिंह पटेल, जनपद अध्यक्ष सोनू गुणवान, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति युवराज चंद्रवंशी एवं जनपद सदस्य सतीश सोनानीया तिरंगा यात्रा में नगर महेंद्र ठाकुर, रूपेश राठौर, निर्मल राजपूत, जितेंद्र सरपंच, मदन बाबा, करण बकोरिया, जगदीश मेचन, जितेंद्र आजाद, अरविंद वर्मा, जयराम वर्मा, मुन्नालाल, देवकरण मालवीय और देवकरण दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नगर परिषद प्रांगण पहुंची, जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा के दौरान नगरवासियों एवं विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत भाषण सहकारिता के स्तंभ वरिष्ठ पार्षद राधेश्याम दलपति द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने संबोधन में विकसित भारत, विकासशील भारत एवं खुशहाल भारत के संकल्प को लेकर उपस्थित नागरिकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित किया। तिरंगा यात्रा में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य एमएल डा तिर्की, मां सरस्वती स्कूल के प्राचार्य, ग्रीन फील्ड स्कूल के प्राचार्य, हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ नगर परिषद कोठरी का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

पुस्तकों से ज्ञान और कल्पना को मिलती है नई दिशा: विनय यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

बीवीएम इंटरनेशनल स्कूल भैरूंदा में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया। यह दिवस पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एसआर रंगनाथन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रह करने का स्थान नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, कल्पना, रचनात्मकता और सीखने का महत्वपूर्ण केंद्र है। पुस्तकों के नियमित अध्ययन से विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होने के साथ उनकी सोचने-समझने की क्षमता और जिज्ञासा भी विकसित होती है।

इस अवसर पर डायरेक्टर विनय यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुस्तकों का जीवन में विशेष महत्व है। विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने, नई जानकारी हासिल करने और निरंतर सीखते रहने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक पठन-पाठन के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान पुस्तकालय एवं पठन से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया। विद्यार्थियों को पुस्तकों के प्रति रुचि विकसित करने, नियमित पठन की आदत अपनाने तथा ज्ञान के प्रति जिज्ञासा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

समापन अवसर पर विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का स्थान नहीं, बल्कि ज्ञान और सपनों को आकार देने का स्थान है।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बीवीएम. इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने के साथ उन्हें ज्ञानवान, रचनात्मक और जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस का आयोजन विद्यार्थियों के लिए पठन, ज्ञान और निरंतर सीखने के महत्व को समझने का अवसर रहा।

पूर्व केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

सीहोर। मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा 'नंदू भैया की प्रथम पुण्यतिथि पर मध्यप्रदेश शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 14 अगस्त को सीहोर स्थित संघ के प्रांतीय कार्यालय में आयोजित शोक सभा में प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन की उपस्थिति में स्वर्गीय नंदकिशोर वर्मा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष रामगोपाल सेन ने कहा कि नंदकिशोर वर्मा सेन समाज के सच्चे हितैषी थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शासन स्तर पर समाजहित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए, जो आज भी एक मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर वर्मा जैसा व्यक्तित्व मध्यप्रदेश में न पहले हुआ और न ही भविष्य में होना आसान है। आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, सीख और समाज के प्रति समर्पण सदैव याद किए जाते रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा उनके परिवार को सदैव सुख, समृद्धि और उन्नति प्रदान करें। यही प्रथम पुण्यतिथि पर नंदकिशोर नंदू भैया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और सद्भावना होगी।

कल निकालेंगे शिव पालकी यात्रा, 24 को महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रावण मास भगवान शिव की आराधना, भक्ति और आस्था का पावन पर्व है। सावन के सोमवार को विशेष पुण्यफलदायी माना जाता है। इसी धार्मिक भावना को लेकर शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। मंदिर में कांवड़ लेकर पहुंच रहे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत माधवदास महाराज ने कहा कि सावन का पवित्र महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस माह में सच्चे मन से की गई शिव आराधना से भक्तों को आध्यात्मिक शांति और भगवान भोलेनाथ की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में शिवलिंग पर जल, गंगाजल और बेलपत्र अर्पित करने की परंपरा है। सावन सोमवार के व्रत और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा का विशेष महत्व है। शिव भक्ति में श्रद्धा और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण हैं। सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट ने बताया कि महामंडलेश्वर रामभूषण महाराज के मार्गदर्शन में आगामी 16 अगस्त को शिव पालकी कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है और आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। बड़ी संख्या में शिवभक्त इस धार्मिक यात्रा में शामिल होंगे। इसके साथ ही 24 अगस्त की रात्रि को मंदिर परिसर में गंगा आरती की तर्ज पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति और श्रद्धालुओं द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। संत माधवदास महाराज ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव का पार्थिव पूजन, शिव सहस्त्रनाम पाठ, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक और बेलपत्र अर्पित करने की विशेष धार्मिक मान्यता है। सावन सोमवार को भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना करने से भक्तों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि पंचामृत से रुद्राभिषेक के साथ गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद और गन्ने का रस आदि श्रद्धापूर्वक भगवान शिव को अर्पित किया जाता है। गुरुवार को मंदिर परिसर में संत माधवदास महाराज, सुनील राय, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट, पंडित कुणाल व्यास, दुर्गेश यादव और गणेश यादव सहित अन्य श्रद्धालुओं ने शहर का नाम रोशन करने वाले युवाओं एवं गत दिनों पालकी यात्रा को सफल बनाने में योगदान देने वाले पार्थ कार्तिक गोगिया और यशवर्धन राय का स्वागत एवं सम्मान किया।

शहर के चर्च मैदान पर जारी जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले में पुष्प स्कूल ने लुर्द माता स्कूल को 1-0 से हराया

सीहोर। गुरुवार को जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत शहर के चर्च मैदान पर दो मैच खेले गए। इसमें पहला मैच पुष्प हाई स्कूल ने लुर्द माता को 1-0 से और दूसरे मैच में इछावर ने सेंट मेरी स्कूल को 1-0 से हराया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में चर्च मैदान पर जारी जिला स्तरीय इंटर स्कूल फुटबाल प्रतियोगिता में दो रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, इसमें पहले मैच में पुष्प हाई स्कूल ने लुर्द माता स्कूल बी को 1-0 से हराया। इसमें पुष्प स्कूल की ओर से आदित्य ने 1 गोल किया। इसके अलावा दूसरा मुकाबला सेंट मेरी स्कूल और इछावर के मध्य खेला गया। इसमें इछावर ने शानदार जीत दर्ज की। इछावर की ओर से धीरज ने एक मात्र गोल किया।

ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे ललित और गब्बर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला मुख्यालय के ग्राम खजुरिया बंगला निवासी कृषक श्री कैलाश सेन पण्डाजी के सुपुत्र ललित सेन एवं गब्बर सेन ने गोवा में आयोजित आर्मी ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण कर गांव लौटकर परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणजनों में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने दोनों युवाओं का ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी एवं पुष्पहारों से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। आर्मी की कठिन ट्रेनिंग पूर्ण कर घर लौटे ललित सेन एवं गब्बर सेन के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने दोनों युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि युवाओं का सेना में चयन होना और कठिन प्रशिक्षण पूर्ण कर वापस लौटना पूरे गांव के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उनकी उपलब्धि अन्य युवाओं को भी देशसेवा के लिए प्रेरित करेगी। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से सरपंच प्रतिनिधि हेमराज गौरर नारायण सिंह गौर, गौरी शंकर गौर, धर्मेन्द्र, रामस्वरूप, भारत गौर एवं चेतन सिंह चौहान, सत्यनारायण पाटीदार, गोविंद पाटीदार, बल्लू पाटीदार, तारु पाटीदार, बृजेश सेन, सोनू सेन, योगेश सेन, अल्केश मालवीय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। वहीं परिवार की ओर से बाबूलाल सेन, नर्मदा सेन, सुरेश सेन, राजेश सेन, अर्जुन सेन, पिंटू सेन, हरिओम सेन, बालकृष्ण सेन, अशोक सेन, सुनील सेन, जितेंद्र सेन सहित अन्य परिजनों ने भी दोनों युवाओं का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर परिवार एवं ग्रामीणजनों द्वारा मिले स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद के लिए कैलाश सेन पण्डाजी ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

बसपा प्रदेश प्रभारी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा, वास्तविक सर्वे और राहत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधानसभा सीहोर क्षेत्र में लगातार हुई भारी बारिश के कारण ग्राम बनखेड़ा, चरनाल एवं मानपुरा में कई ग्रामीणों के मकानों में पानी घुस गया। इससे ग्रामीणों के घरों में रखा गेहूं, कपड़े सहित जरूरत का सामान गीला होकर खराब हो गया, जिससे प्रभावित परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेने के लिए बहुजन समाज पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी कमलेश कुमार ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया और राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। बसपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रभावित क्षेत्रों में पटवारी द्वारा किया जा रहा सर्वे मौके पर जाकर करने के बजाय पंचायत में बैठकर किया जा रहा है, जिससे वास्तविक पीड़ित परिवार सर्वे से वंचित हो सकते हैं। वहीं क्षेत्रीय विधायक स्वदेश राय द्वारा प्रभावित परिवारों के लिए एक माह के राशन की घोषणा किए जाने के बावजूद ग्रामीणों के अनुसार अभी तक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। संजीव बौद्ध, जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर ने विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर वास्तविक रूप से प्रभावित ग्रामीणों को राहत उपलब्ध कराने तथा पटवारी से मौके पर पहुंचकर सही एवं निष्पक्ष सर्वे कराने की मांग रखी। इसके साथ ही उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी सीहोर से भी चर्चा कर प्रभावित गांवों में पटवारी द्वारा पुनः मौके पर सर्वे करवाने और ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की। इस दौरान संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष बसपा सीहोर, अनोखीलाल मालवीय पूर्व जिला प्रभारी, नवीन भैरवे एवं बंटी जाटव, विधानसभा प्रभारी, घीरप अहिरवार, विधानसभा अध्यक्ष; राजमल सौलकी, विधानसभा उपाध्यक्ष, राधेश्याम सौलकी, थानसिंह अहिरवार, विधानसभा कोषाध्यक्ष, देवप्रकाश वर्मा, विधानसभा महासचिव सहित मोनू अहिरवार, अखिलेश अहिरवार, पवन, भगवान सिंह, बन्ने सिंह, कमलेश अहिरवार, अलकेश सूर्यवंशी, संदीप अहिरवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए होगी सामान्य ज्ञान व सनातन संस्कृति प्रश्नोत्तरी

बैठक में निर्णय: प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न पर होगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा जिला सीहोर द्वारा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने तथा नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और भारतीय गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से इस वर्ष भी सामान्य ज्ञान एवं सनातन संस्कृति आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में विशेष रूप से महाभारत में वर्णित महत्वपूर्ण प्रसंगों से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे। प्रतियोगिता को वर्तमान में शासकीय सेवाओं के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न के अनुरूप तैयार किया जाएगा, ताकि युवाओं को परीक्षा प्रणाली का बेहतर अनुभव मिल सके और वे भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में अधिक आत्मविश्वास के साथ शामिल हो सकें। इस संबंध में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं सम्मानित सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक विषयों पर सारगर्भित चर्चा की तथा सर्वसम्मति से अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए। बैठक की शुरुआत करते हुए महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर गणेश सिंह चौहान ने उपस्थित समाजबंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को एकजुट और संगठित करने की आवश्यकता है। जब समाज संगठित होकर समाजहित में कार्य करेगा, तभी देश भी सशक्त और समर्थ बनकर विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि महासभा द्वारा पिछले चार-पांच वर्षों से सामान्य ज्ञान एवं सनातन संस्कृति आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें पांच वर्ष से लेकर 40-45 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागियों के साथ समाज की बेटियां एवं बहुएं भी उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। इस वर्ष प्रतियोगिता आगामी 6 अथवा 13 सितंबर, रविवार को आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। ठाकुर गणेश सिंह चौहान ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता को और अधिक उपयोगी एवं रोजगारपरक बनाने के लिए इसमें सामान्य ज्ञान के साथ महाभारत के महत्वपूर्ण प्रसंगों से संबंधित प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे। प्रतियोगिता का प्रश्न-पत्र वर्तमान में शासन द्वारा विभिन्न शासकीय नौकरियों के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को परीक्षा के पैटर्न, प्रश्नों के स्वरूप और समय प्रबंधन का अभ्यास कराना है, ताकि वे वास्तविक प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि तैयारी के लिए समाज के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में 256 प्रश्नों की पीडीएफ उपलब्ध कराई गई है। सम्भागीय अध्यक्ष डॉ. महेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि महासभा का प्रमुख उद्देश्य समाज को एकजुट एवं संगठित करने के साथ-साथ युवाओं में अच्छे संस्कार विकसित करने वाले कार्यक्रमों को प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही समाज और देश का भविष्य है। यदि युवा संस्कारित, उच्च शिक्षित और सभी को साथ लेकर चलने वाली होगी, तो निश्चित रूप से परिवार सुखी एवं समृद्ध होंगे और देश भी निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा।

बैठक में ठाकुर जितेन्द्र सिंह, मुकेश दरबार राठौड़, शिवशंकर सिंह, विजय सिंह तोमर, रमेश सिंह चौहान, कृष्णपाल सिंह सेंगर, चंदन सिंह सिसोदिया, महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सियाराम गौतम, शिवसिंह अजय सिंह पंवार, इन्द्रपाल सिंह, लाखन सिंह गौर, महेंद्र सिंह चौहान, अजीत सिंह सिदल, देवेन्द्र सिंह चौहान, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, प्रताप सिंह बैंस, गजराज सिंह राघव सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाजबंधु उपस्थित रहे।

अनियमितताओं को रोकने जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा भैरूंदा स्थित मधुवन मेडिकल, लाईफ लाईन मेडिकल, गुरुदेव मेडिकल, साक्षी मेडिकल एवं गौरव मेडिकल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई और दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए।

वीर सावरकर स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह

स्वतंत्रता दिवस आज, जिलेभर में शान से लहराएगा तिरंगा, प्रभारी मंत्री लेंगे सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रत दिवस शनिवार को शहर सहित पूरे जिले में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह शहर के शिवपुरी रोड स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम की सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

भव्यता के साथ आयोजित होने वाले आजादी की वर्षगांठ के मुख्य समारोह जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजा रोहण करेंगे।

जिला स्तरीय मुख्य समारोह में विद्यार्थियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति का मौका मिलेगा। शिक्षा विभाग ने मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देने के लिए शहर के स्कूलों का चयन कर लिया है। चयनित स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ये चयनित स्कूलों के बच्चे मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने के लिए पहुंचेंगे। मुख्य समारोह को गरिमामयी बनाने के लिए सभी विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी बांट दी गई है। मुख्य समारोह के उपरांत मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला शहर के चंबल कॉलोनी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों संग मध्यान्ह भोजन करेंगे।



गांधी पार्क पर विधायक, नपा में नपाध्यक्ष करेंगी ध्वजारोहण

शहर के गांधी पार्क पर विधायक बाबू जंडेल ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद नगर पालिका श्योपुर में नपाध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग ध्वजारोहण करेंगी। जबकि कलेक्टर शीला दाहिमा कलेक्टर कार्यालय भवन, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई जिला पंचायत कार्यालय और जनपद अध्यक्ष अपने अपने जनपद कार्यालय में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य नगरी निकायों और ग्राम पंचायतों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होंगे।

कब क्या होगा मुख्य समारोह में

समय	कार्यक्रम
प्रातः 08:58 बजे	मुख्य अतिथि का आगमन
प्रातः 08:59 बजे	राष्ट्रगीत का गायन
प्रातः 9 बजे	ध्वजारोहण
प्रातः 9:02 बजे	परेड निरीक्षण
प्रातः 9:08 बजे से 9:15 बजे	हर्ष फायर और राष्ट्रगान वादन
प्रातः 9:16 बजे से 9:20 बजे	मार्च पास्ट
प्रातः 9:25 बजे से 9:55 बजे	सीएम के अभिभाषण का सीधा प्रसारण
प्रातः 9:55 बजे से 10:00 बजे	मुख्यअतिथि द्वारा बधाई संदेश का वाचन
प्रातः 10:00 बजे से 10:01 बजे	गुब्बारे छोडना
प्रातः 10:01 बजे से 10:10 बजे	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान
प्रातः 10:10 बजे से 10:50 बजे	सांस्कृतिक कार्यक्रम
प्रातः 10:50 बजे से 11:30 बजे	पुरस्कार वितरण एवं समापन

निकलेगी प्रभात फेरी

स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 7.30 बजे के बाद शिक्षण संस्थाओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी। स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय समारोह सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण और राष्ट्रगान होगा। मुख्य अतिथि संदेश वाचन के बाद शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़ जाएंगे। सलामी और परेड निरीक्षण होगा। इसके बाद हर्ष फायर, मार्च पास्ट सहित अन्य आयोजन किए जाएंगे।

शहर पर चढ़ा देशभक्ति का रंग, हजारों हाथ तिरंगा लिए निकले

आजादी के तरानों के बीच निकली भव्य तिरंगा यात्रा, तिरंगामय हुआ श्योपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हर घर तिरंगा अभियान के तहत शनिवार को शहर में जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा आजादी के तरानों के बीच भव्यता के साथ निकाली गई। गांधी पार्क पर देशभक्तिपूर्ण, जोशीले उद्घोषो के साथ शुरू हुई इस तिरंगा यात्रा में पूरा शहर देशभक्ति के रंग में सरोबर नजर आया। हजारो हाथ तिरंगा लिए जोश और जज्बे के साथ सड़कों पर निकले।

तिरंगा यात्रा में हर धर्म, हर समाज के लोगों ने तिरंगा यात्रा में बढ-चढकर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली के दौरान आजादी के तरानों के बीच, राष्ट्रप्रेम की भावनाओ से ओतप्रोत, आजादी के वीर शहीदो के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति के जयघोषों से पूरा वातावरण गुजांयमान हो उठा। तिरंगा यात्रा के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधी, समाजसेवी व गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल एवं छात्रावासों के विद्यार्थी उपस्थित थे। गांधी पार्क से शुरू हुई तिरंगा यात्रा मैन चौराहा, टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा, बडौदा रोड, पटेल चौक, जयस्तंभ होकर निकली। तिरंगा यात्रा के शुभारंभ से पहले प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला सहित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, नगरपालिका अध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने नगरपालिका द्वारा बनाई गई ''भारत माता ने हमे सब कुछ दिया- हम क्या दे सकते हैं'' पर आधारित ग्रेटिट्यूड वॉल पर हस्ताक्षर किए गए।

ग्राम पंचायत शुरू नहीं करा रही सीसी सड़क निर्माण, परेशानी भोग रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिला मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत कलारना के वाशिंदे ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण कीचड़ भरे रास्तों से परेशानियों के बीच निकलने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कलारना गुर्जर बस्ती में 400 मीटर सीसी रोड निर्माण स्वीकृत बना हुआ है और काफी दिनों निर्माण सामग्री में पटक रखी है, मगर इसके बाद भी ग्राम पंचायत सीसी रोड निर्माण को चालू नहीं करा रही है।

जनपद पंचायत कराहल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कलारना की गुर्जर बस्ती के लोगों ने ग्राम पंचायत के कर्ताधर्ताओं की इस अनदेखी की शिकायत जिला प्रशासन से करते हुए बताया है कि नहर से मदन गुर्जन के मकान से गोपाल जी मंदिर घनश्याम गुर्जर के मकान तक करीब 400 मीटर सीसी रोड निर्माण स्वीकृत है। इस सीसी रोड निर्माण के लिए करीब दो माह से ग्राम पंचायत के द्वारा गिट्टी पटक रखी है। लेकिन इसके बाद भी ग्राम पंचायत इस सीसी रोड का निर्माण शुरू नहीं करा रही है। इस संबंध में पूछने ग्राम पंचायत के जिम्मेदार एक दो दिन में काम चालू कराने का आश्वासन दे रहे हैं। मगर धरातल पर काम चालू नहीं करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान रास्ता कीचड से सना हुआ है। ग्रामीणों को निकलने में कई तरह की परेशानी उठानी पड रही है। रात्रि के दौरान कई बार ग्रामीण इस रास्ते पर फिसलकर गिर भी चुके है। इसके बाद भी ग्राम पंचायत बेसुध बनी हुई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से स्वीकृत सीसी रोड का निर्माण जल्द करवाए जाने की गुहार लगाई है।

गोहटा में संदिग्ध परिस्थितियों के बीच ग्रामीण ने गटका जहर ,मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोहटा में बीती शाम को एक ग्रामीण ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच जहर गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम गोहटा निवासी पप्पू उर्फ सुमेर सिंह रावत 51 वर्ष पुत्र गोपी रावत ने गुरूवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर में जहर गटक लिया। जिसका पता उसके बच्चों सहित परिवार के लोगो को उसकी हालत बिगडने पर चला। इसके बाद परिजन उसे तत्काल विजयपुर अस्पताल लेकर आए। जहां उसकी मौत हो गई। फिलहाल जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। लेकिन ऐसा सुनने में आ रहा है कि मृतक के पांच बच्चे है। लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ गोहटा में रहना पसंद नहीं करती है। जिसको लेकर वह अक्सर तनाव में रहता था। इस मामले में विजयपुर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी और पीएम उपरांत शव को परिवार के लोगो के सुपुर्द कर दिया।

दिन भर सड़क पर रखी रही डीपी, लोग हुए गर्मी से बेहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बिजली कंपनी की लापरवाही बीते दिनों उस समय सामने आई जब ट्रांसफार्मर फुक जाने के बाद वार्ड वासियों द्वारा ऑनलाइन की गई शिकायत पर बिजली कंपनी की टीम ने मौके पर डीपी तो पहुंचा दी लेकिन उसे बिजली आपूर्ति करने हेतू पोल पर रखने के बजाए सड़क पर रख कर कर्तव्य से इतिश्री कर ली। शहर श्योपुर के वार्ड नंबर 3 खारा कुआं के पास बुधवार को रात सुबह 7 बजे करीब डीपी ख़राब हो गई थी जिससे खारा कुआ बोहरा बाजार, गीता भवन छेत्र लंबे समय तक अंधेरे में डूब गया उपभोक्ताओ द्वारा ऑनलाइन शिकायत की गई जिसका निराकरण करने के उद्देश्य से कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों ने मोके पर पहुंच कर खराब ट्रांसफर को उतार कर ले गई और नया ट्रांसफर सड़क पर रख गई। बाद में बिजली रात 11:30 बजे के करीब ही रखा।

फसल बीमा माह का आयोजन 17 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भारत सरकार द्वारा वर्तमान में अलनीनों के प्रभाव के कारण विपरित मौसम की सम्भावना के दृष्टिगत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2026 मौसम में कृषकों को फसल बीमा लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ''फसल बीमा माह'' का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में इसकी तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 17 अगस्त 2026 कर दिया गया है।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि फसल बीमा माह में ब्लॉक, तहसीलों एवं ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित कर एवं जिले में दो प्रचार रथों के माध्यम से ग्रामों में प्रचार-प्रसार कर कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करते हुए फसल बीमा कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसमें बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के द्वारा उपस्थित रहेंगे। उन्होंने किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक उपस्थित होकर अपनी अधिसूचित फसलों का फसल बीमा कराकर योजना का लाभ उठाएं।

रास्ता भटका साइबेरीयायी ब्लैक सारस दिन भर बैठा रहा किले की दीवार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



समुद्र पार से उड़कर लंबी यात्रा तय कर भारत के क्षेत्रों में पहुंचने वाले विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। यह आगमन वहां पड़ रही भीषण सर्दी और बर्फबारी से उन्हें बचाने के लिए प्रकृति का सिस्टम है जो हर साल देखने को मिलता है। श्योपुर जिले में यह पक्षी के विभिन्न जलाश्यो में देखे जा सकते हैं। झुंड के रूप में आने वाले इन पक्षियों में कभी-कभी एक दो रास्ता भटक जाते हैं। ऐसे ही एक ब्लैक सारस रास्ता भटक कर किला बस्ती में पहुंच गया जो दिन भर किले की दीवार पर बैठा देखा गया। ऐसा लग रहा था जैसे वह अपने साथियों का इंतजार कर रहा हो।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत बरगवा में आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री ने सुनी समस्या

आम आदमी सरकारी योजना का लाभ लेने भटके नहीं इसलिए शुरू किया मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



पहले की सरकारों में लोगों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए नेताओं, जनप्रतिनिधियों की सिफारिश करानी पड़ती थी लेकिन अब आम आदमी को सरकारी योजना के लिए ना तो किसी नेता अथवा जनप्रतिनिधि की सिफारिश की जरूरत है और ना ही हितग्राही को योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने के चक्कर काटने पड़ेंगे। प्रदेश की डॉ मोहन यादव की सरकार ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शुरू किया है, इस अभियान के तहत सरकार अब लोगों की समस्याएं सुनने घर घर जा रही है और मौके पर ही समस्याओं के निराकरण किए जा रहे हैं। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शुक्रवार को कराहल विकासखंड के ग्राम बरगवां में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' के तहत आयोजित शिविर में आए हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान मिली आधा सेंकड़ा से अधिक समस्याओं का मोके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में शामिल होने के लिए बरगवां पहुंचे प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला का अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए समस्याओं का निराकरण भी कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 7 अगस्त 2026 से 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान' की शुरुआत की गई है। इसके तहत प्रत्येक शुक्रवार को विशेष जन-विश्वास शिविर लगाए जाते हैं, जिनमें सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरण, आयुष्मान कार्ड, किसान आईडी और पीएम आवास जैसी योजनाओं की शिकायतों का मौके पर समाधान किया जाता है। मध्य प्रदेश के लोकप्रिय एवं जनप्रिय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर कलेक्टर और एसपी भी लगातार शिवरो में शामिल होकर समस्याओ का निराकरण कर रहे हैं। आज ग्राम वरगवा में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुझे शामिल होने का अवसर मिला है आगे भी ऐसे शिविरों में शामिल होता रहूंगा। शिविर में कलेक्टर शीला दाहिमा एसपी मोतिउर रहमान, मध्य प्रदेश आदिवासी विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष मंत्री दर्जा प्राप्त गुड्डी बाई आदिवासी जिला पंचायत अध्यक्ष, गुड्डी बाई भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण सहित कई जनप्रतिनिधि अधिकारी व नेता मौजूद रहे।

घर बैठे बने 750 के आयुष्मान कार्ड

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपने स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों ने आवेदन देकर तत्काल योजनाओं का लाभ लिया इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग का शिविर भी शामिल था जिसने शुक्रवार को 7 आयुष्मान कार्ड तत्काल बनाएं लेकिन एक सप्ताह से चले आ रहे इस शिविर में विभाग ने 750 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जिन्हें प्रभारी मंत्री के हाथों वितरण कराया प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड वितरण करते हुए कहा कि विश्व में भारत ऐसा पहला देश है जो अपने नागरिकों को इलाज के गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आप देश के किसी भी सरकारी या प्रायवेट अस्पताल में जाकर इलाज कर ले पैसा सरकार देगी। आयुष्मान कार्ड से आपको साल में 5 लाख रुपए के इलाज की गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा की अब गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन, जेवर बेचने की जरूरत नहीं है गरीब के इलाज की गारंटी सरकार ने आयुष्मान के माध्यम से अपने उपर लेली है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड के लिए विशेष प्रावधान किया है जो व्यक्ति 70 साल की आयु पूरी कर लेता है उसे किसी भी तरह की पात्रता दर्शाने की जरूरत नहीं है उसका तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है।

प्रभारी मंत्री ने नशा विरोधी अभियान को सराहा

शिविर में श्योपुर को नशा मुक्त जिला घोषित कराने की शपथ ली साथ ही विभिन्न बुराइयों से बचने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों का त्याग करने की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर शीला दाहिमा के नेतृत्व में चलाए जा रहे हैं नशा विरोधी अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभी तक इस तरह के अभियान पुलिस के माध्यम से चलाए जाते रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में यह अभियान जन आंदोलन बनाया जा रहा है। इसमें हर वर्ग अपनी भागीदारी कर रहा है। जिला प्रशासन तो शिविर लगाकर लोगों को समझाश दे ही रहा है से से भी सामाजिक संस्थाएं जनप्रतिनिधि और आमजन को भी इससे जुड़ गया है। उन्होंने लोगों से आवाहन किया कि वह शराब और दूसरे नशे की चीजों का तत्काल बहिष्कार करें। यह आपके खुद के लिए और पूरे परिवार एवं समाज के लिए बेहद हानिकारक है उन्होंने कलेक्टर को निर्देशित किया कि आदिवासी विकासखंड कराहल में शराब की बिक्री प्रतिबंधित हैं अगर कोई व्यक्ति चोरी छुपे शराब बेचता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, लोगों ने प्रभारी मंत्री को क्षेत्र में नशे के बढ़ते चलन को रोकने की मांग की थी।

जिंद बाबा की बावड़ी पर होगा रात्रि विश्राम, 16 को बाबा के दरबार में चढ़ेगा झंडा

श्योपुर से आज जाएगी जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा की 16 वीं पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जन-जन की आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 15 अगस्त शनिवार को श्योपुर से गाजेबाजे के साथ रवाना होगी। क्षेत्र की खुशहाली की कामना के लिए चामुंडा माता समिति श्योपुर की अगुवाई में यह 16 वीं पैदल यात्रा है। पैदल यात्रा का रात्रि विश्राम जिंद बाबा की बावड़ी पर होगा। जबकि समापन 16 अगस्त रविवार को बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर होगा।

चामुंडा माता समिति वार्ड 10 श्योपुर द्वारा बताया गया है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे टोड़ी बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू होगी। पैदल यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होगे, जो नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए जाएंगे। सलापुरा, रायपुरा, सोंईकलां, भोगिका तिराहा, जावदेश्वर होते हुए यह पैदल यात्रा जिंद बाबा की बाबडी पर पहुंचेगी। जहां यात्रा में शामिल यात्रियों का रात्रि विश्राम होगा। रात्रि विश्राम के बाद पैदल यात्री 16 अगस्त रविवार सुबह यहां से रवाना होगे और ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में पहुंचेगे। जहां पैदल यात्री विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर यात्रा का समापन करेगे और बाबा से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेगे।

पैदल यात्री सोंईकलां में करेंगे दोपहर का भोजन

15 अगस्त को श्योपुर से रवाना होने वाली श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा में शामिल पैदल यात्रियों का दोपहर का भोजन सोंईकलां में रहेगा। इस बार सोंईकलां में पैदल यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था युवा समाजसेवी राममिलन रावत मित्र मंडल सोंईकलां की तरफ से रहेगी। पैदल यात्रा का रात्रि विश्राम जिंद बाबा की बावड़ी पर रहेगा।

कलेक्टर ने किया बरगवां की उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम के क्रम में शुक्रवार को बरगवां स्थित उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण किया गया तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत निशुल्क खाद्यान वितरण की व्यवस्था का आंकलन किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य आदि उपस्थित रहें। कलेक्टर शीला दाहिमा द्वारा उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं से चर्चा कर दो माह अगस्त एवं सितंबर का राशन एकमुश्त मिलने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें दो माह का राशन एक साथ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने राशन वितरण व्यवस्था एवं भण्डारण व्यवस्था का अवलोकन भी किया।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकालकर दिया संदेश

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस एवं शासकीय विधि महाविद्यालय द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा कॉलेज से प्रारंभ हुई और बस स्टैंड, कोतवाली चौराहा, इंग्लिशपुरा होते हुए पुनः कॉलेज पहुंची। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं तिरंगे के सम्मान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों के हितार्थ संचालित विभिन्न शासकीय एवं महाविद्यालयीन योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने तथा शिक्षा के साथ राष्ट्र एवं समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। रैली में जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, राजकुमार साहू सहित प्राध्यापकगण, एनएसएस, एनसीसी के केडेट्स और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

शांति समिति की बैठक की गई आयोजित

सीहोर। जिले में आगामी त्योहारों मिलाद उन नबी, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गणेशोत्सव, श्वेतांबर-दिगंबर जैन धर्म पर्युषण महापर्व, अनंत चतुर्दशी, नवरात्रारम्भ, विजयादशमी, वाल्मीकि जयंती, विद्यासागर जयंती, दीपावली, गुरु नानक जयंती, क्रिसमस डे आदि त्योहारों को शांति पूर्वक मनाये जाने के लिए अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सभी पर्वों पर सीहोर नगर तथा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न धार्मिक समारोह के दौरान व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। एएसपी डॉ प्रशांत चौबे सहित अन्य अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित

संवाद, समाधान, संवेदनशीलता और सादगी के स्तंभों पर आधारित है अभियानः प्रभारी मंत्री

शासन और आमजन के बीच विश्वास को और मजबूत करेगा जन विश्वास अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



